Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

Title: Need to check the irregularities in the matters of procurement of mustard at the minimum support price in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके समक्ष एक अति गंभीर मुद्दा उठाना चाहता हूं। राजस्थान में अब सरसों की फसल हुई है जिसे समर्थन मूल्य पर खरीदा जाना चाहिए था। केन्द्र सरकार के अनुसार 1700 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से फसल की खरीद की जानी चाहिए, लेकिन एक तो केन्द्र कम हैं और जहां केन्द्र हैं, वहां स्टाफ कम है। किसान जब फसल लेकर जाते हैं तो उनसे कहा जाता है कि मंडी में गेट पास बनवाएं, अपनी जमीन का प्रमाण पत्र और पास बुक दिखाएं और पटवारी द्वारा फसल की गिरदावरी की रिपोर्ट दिखाएं। उसके बाद भी फसल खरीदने वाले सरकारी कर्मचारी सरसों की क वालिटी, नमी या गुणवत्ता की बात कहकर किसानों को उनकी फसल वापिस लौटा देते हैं। आज यह स्थिति हो रही है कि जो फसल 1700 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जानी चाहिए, उसे व्यापारी 1300 रुपये या 1400 रुपये प्रति क्विंटल में खरीद लेते हैं और कुछ दिन बाद अपने तरीके से उसे वापिस एफसीआई एजैंसीज़ - राजफेड, तिलहन संध या दूसरी क्रय-विक्रय समितियों को बेच देते हैं।

मैं निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे जिले अलवर में सरसों की फसल की खरीद नहीं हो रही है। बहरोड, खैरतल, खेडली और अलवर में सरसों की फसल के केन्द्रों की पूरी जांच करवाई जाए और किसानों की सरसों समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए। मैं आपके माध्यम से कृाि मंत्री जी से दरख्वास्त करूंगा कि इस बात की व्यवस्था की जाए।...(व्यवधान)